HALF-AN-HOUR DISCUSSION

Points arising out of answer to starred Question No. 263 given in the Rajya Sabha on 16th August, 1993 regarding the New Child Labour Policy

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Now we will take up Half-an-Hour Discussion. Before I call Dr. Jain, I would like to inform Members that there are ten speakers listed for this discussion. I would request each Member to conclude within ten minutes. In any case I am not going to allow each Member more than ten minutes. So I request Members to kindly cooperate with the Chair because after this item there is a piece of legislative business. If you do not cooperate with the Chair, you have to sit for a very long time. If you coopertate with the Chair, we will sit for a shorter time. Dr. Jain, please.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Ten minutes for each Member?

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Yes, ten minutes for each speaker. In Half-an-Hour Discussion, you know that you do not have any priority. The initiator will not get more time. You try to conclude within ten minutes. You are quite competent.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Mr. Vice-Chairman, I am disappointed and distressed as I rise in this House to raise a Half-an-Hour Discussion on the New Child Labour Policy. India is the only country in the world that has a clause in the Constitution prescribing child labour in the country. Article 24, in part III while enumerating the Fundamental Rights, says, "No child below the age of 14 years shall be employed to work in any factory or mine or engaged in any other hazardous employment." Article 39, in part IV under the Directive Principles in clause (e) and (f) says, "Child labour should not be there." Besides these Fundamental Rights and directives in our Constitution, there are a number of laws like the Child Labour Prohibition Regulation Act, 1986, the Factories Act, 1948, the Mines Act, 1952, the Beedi and Cigar Workers Conditions of Employment Act, 1956, the State Shops and Commercial Establishments Act, etc., etc. So in spite of what is written in the Constitution, the stark reality is that India is a country with the largest population of child labour in the world.

As per the Government's own statistics, 17.5 million children today are worksng in the labour force. But as per some private estimates, this number goes to 50 million. I have read Mr. Sangma's statement. He said that he gave a three year's plan and according to this three year plan, he declared that in ten States, he will abolish this practice of child labour. Very intelligently or smartly he has chosen those States where the incidence of child labour is low. And the child labour in these ten States that he has taken is only 2 lakhs. If one has to calculate at the pace which Mr. Sangma proposes to work, then, he will take 300 years to wipe out 17.5 million child labourers in India. If you go further, it would take 900 years if the actual number of 55 million child labourers is taken into consideration. So I am sorry to point out that the magnitude of the problem is too large and the Government's efforts are too small and inadequate. I want Mr. Sangma to confirm whether there is truth in my figures or not. The second point is that there are constitutional directives; there are Acts: and there are many, many studes, I refer to the first study which was about a century ago, more than a hundred years ago, in 1890. (*Interruptions*). That Commission's report documented, for the first time, this shameful reality of child labour and after that, there had been many studies. There was the Committee headed by Dr. L.M. Singhvi in 1989. There had been a task force. I wuld like to refer to this task force conducted by the National Institute of Public Cooperation in Child Development (NIPCTD). They conducted a survey in Greater Bombay and it was found that

only 18 Class I Inspectors and 9 Class II Inspectors were appointed to inspect 16,'* factories and some of those posts were chronically vacant. This shows that the Government is not really doing enough. I would even go to say that besides paying lip-sympathy to the problem of child labour, putting provisions into the statute, getting laws enacted by Parliament, when it comes to the question of implementation, the Government has done very little. I find that there appears to be a new thinking in the Labour Ministry on this subject. I would like to ask the hon. Minister whether the task force had recommended that the National Policy and the Action Plan should be redrafted and whether it had made a number of other specific suggestions. I would like to know from the hon. Minister whether it was or it was not suggested by the task force that a Joint Committee of both the Houses of Parliament on Child Labour be appointed. What happened to that? Are Members of Parliament not willing to function in the Joint Committee? What is the problem of the Government in appointing a Joint Committee of both the Houses of Parliament on Child Welfare? The task force had also recommended appointment of child labour ombudsments to oversee the operation of the national machinery for child labour regulation. Why do you have to have this task force these commissions and committees to study this problem if you do not have to implement their recommendations? I would like to know from the hon. Minister what his reasons are for his total inaction on this very important front. One of the cruicial failures in prevention of child labour is the failure to provide an appropriate educational system and support structure for poor children whether you go to Ferozabad or Sivakasi. I have heard the hon. Minister in this House several times; not only on the 16th August when this question came up, but earlier also. He also must be a sad man when he says that it is not possible to regulate this problem. I do not stand here with the view that I must criticise him. I am as concerned as he must be. But I would like to know whether Parliament, the collective will of the nation, can do something to deal with the menace which is a matter of shame for all of us, for his Government, for this Parliament and for this nation. This problem of child labour is not only raising human issues. It is also raising some economic issues. Sir, I am sure that you and the other Members of the House have read some of the reports that have appeared that members of the European Economic Community, EEC, and various other western countries are proposing to ban imports from Indian industrialists known trialists known to use child labour. I would like to kown wheher the Government has made any estimate of the magnitude of the loss of export on this count. Apart from the national loss of face, if such a threat is carried out, what will happen to India's economic reforms? In the process of India's globalisation, if we can afford such a retaliatory step, why should we wait for Europe to hit at us, why should we not take our own positive action and do what is considered as a fundamental right of child in our Constitution? What direction has been given by our Constitution and why have the various acts and legislative exercises undertaken by us failed? They have failed on account of lack of political will and also on account of inadequate implementation. Most of the time when we discuss the problem of child labour, we tend to think of the organised sector, the formal industrial sector only. But a majority of the children work in the unorganised sector where neither the writ of the labour enforcement machinery works nor the statistical organisations and researchers are able to go. There are a number of programmes which we see on our television how children are being exploited. At a time when they should read and play, they are doing various jobs under the pressure of grinding poverty. How can we expect great Indians, great leaders unless we invest on the education of our children? Every time I pass through the Central Hall, I see the portraits of very distinguished members of one single family belonging

to the Congress Party, who adorn in our Central Hall-Motilal Nehru, his son Jawaharlal Nehru, then his daughter, Shrimati Indira Gandhi ant then her son, Shri Rajiv Gandhi. These were the fortunate Indian children whose parents had invested a lot on their development and once the investments are made on the development of children, we can see the potential as to what can happen. But how do you expect your children to come up in life without having spent anything on their education, without caring for their health? Don't you feel that we are becoming a cruel society and a careless Government by not doing our duty towards our children? What is the future of India? I would like to know this thing from the hon. Minister. Why is the condition of our children so pathetic? (Time-bell rings). I have so many things to say but I would abide by your time-bell.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Thank you.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I make this plea not in the spirit of making a condemnatory speech here. I do not want to condemn anybody. But I wish to make one plea. When will this country and this Government do enough for them? I promise you on my own behalf and on behalf of my party, if the Government wants to take any initiative, we, the Members of Parliament, and my party, would be willing to provide every possible cooperation to the Government. But it is not on account of lack of cooperation of other political parties that you are failing. But it is on account of not taking an initiative that the failure has been there and if this Half-an-Hour Discussion can lead to some constructive action, I would think that the purpose of my raising this issue by way of a Half-an-Hour Discussion would be achieved.

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे (गुजरात): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं भूलता नहीं हूं, 16 तारीख को सदन में यह आप का ही सवाल था और उसी पर आज यह आधे घंटे की चर्चा उठी। उस दिन मिनिस्टर साहब ने अपने स्टेटमेंट में जो कहा उसे मैं पढ़कर सुनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि :

The National Policy on Child Labour—1987 is quite comprehensive ant covers most of the aspects. The Minister further replied, "there is no need for a new policy regarding child labour."

इसकी वजह से सवाल उठा कि क्योंकि इस सवाल में कई अलग अलग सवाल जुड़े हुये हैं, इसलिये हाउस को लगा कि इस पर अलग से बहस होनी चाहिये और उसकी वजह से यह बहस आज आगे चली है।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि आपने अपने जवाब में कहा है कि 17 मिलियन चाइल्ड लेबर हैं, कहीं 44 मिलियन चाइल्ड लेबर हैं, ऐसा भी जवाब दिया है। तो मैं जानना चाहूंगा कि एग्जक्ट फिगर हमारे देश में चाइल्ड लेबर की कितनी है? दूसरा मेरा सवाल यह रहेगा कि चाइल्ड लेबर के वास्ते जो एक्ट बना है प्रिवेंशन एंड रेगुलेशन आफ चाइल्ड वेलफेयर एक्ट, वह 1986 का है और आपने जो स्टेटस के पास सिफारिश की थी, मैं यह जानना चाहता हूं कि आज दिन तक कितनी स्टेटस ने आपको जवाब दिया है? आपके जवाब में से यह भी सवाल निकलता था कि तीन चार स्टेट्स ने जवाब दिया, तीन चार स्टेट्स ने जवाब नहीं दिया है। मैं जानना चाहूंगा कि जिन स्टेटों ने जवाब नहीं दिया है तो उन स्टेट्स के बारे में आप ने क्या कार्यवाही की है? तीसरी बात यह होगी कि जो एल.एस. सिंघवी कमीशन बना था, उसने भी कुछ सिफारिशें की हैं और यह बड़ी अच्छी सिफारिशें हैं। जैन साहब ने कहा कि आप एक पार्लियामेंटरी कमेटी बनाइये, चाइल्ड लेबर की प्रोब्लम्स के लिये ज्वाइंट कमेटी बना दीजिये। दूसरी बात यह है कि चाइल्ड लेबर के जितने भी सवाल हैं, वह एक मिनिस्ट्री के नीचे हैं यह भी सिफारिश सिंघवी साहब ने की। कि एक सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड बना दिया जाए चाइल्ड लेबर के लिये और ऐसा बोर्ड सभी स्टेटस में भी होना चाहियेस,

तीसरी बात कमीशन ने यह बताई कि चाइल्ड लेबर का सर्वे होना चाहिए । मैं आपसे यह जानना चाहूंगा कि यह सिफारिश बहुत पहले से आपके पास आ गई है तो आपने आज दिन तक इसके ऊपर कितना अमल किया है ? यदि अमल नहीं किया है तो अब कब करना चाहते हैं । चौथी बात, मैं आपसे यह जानना चाहूंगा कि आई०एल०ओ० का भी एक रिपोर्ट आ गया है कि हर पांचवां बच्चा चाइल्ड लेबर हिन्दुस्तानी है । एक रिपोर्ट ऐसी भी है कि विश्व में हर 10वां बच्चा चाइल्ड लेबर है तो क्या आपने कोई सर्वे कराया है, इंडीपेंडेंट सर्वे कराया है? अगर नहीं करवाया है तो क्या आप करवाना चाहते हैं ? एक और बात यह भी छेड़ी गई थी कि विदेश के लोगों ने हमारे देश के चाइल्ड लेबर की मारफत बनने वाला जो भी माल है, उसको वे नहीं लेंगे । आपने उसी दिन जवाब दिया था, यह बात गलत है, अभी बिल अमरीका में पेंडिग पड़ा है । लेकिन वह जवाब क्लीयर जवाब नहीं था । मैं जानना चाहूंगा कि आज जब आधे घंटे की बहस चली है तो यह जवाब दीजिये कि यह बिल कहां है तथा कौन कौन से देश ऐसा बिल ला रहे हैं कि जो हमारे यहां चाइल्ड लेबर द्वारा सामान बनाया जायेगा वे नहीं खरीदेंगे, इसमें कितनी सच्चाई है, यह भी आप बता दीजिये । एक बात मैं कहना चाहूंगा । हमारे यहां कुछ इंडस्ट्रीज हैं, ग्लास इंडस्ट्री, स्लेट इंडस्ट्री, पौटरी इंडस्ट्री और क्रेकर्ज इंडस्ट्री हैं । यह ऐसी इंडस्ट्रीज हैं जिनमें बच्चे काम करते हैं । आपने भी कहा कि एक जगह हमने कुछ कार्यवाही की तो उसके पेरेंटस आपके पास आ गये । आप कानून बनाने की बात उसी दिन कर रहे थे । मैं जानना चाहता हूं कि एक स्लेट इंडस्ट्री में पांच हजार चाइल्ड लेबर हैं । उन बच्चों को सुविधाएं देने के लिए एजुकेशन के लिए दवाइयों के लिए, पढ़ाई के लिए आप इंतजाम करें । ठीक है वह मजदूरी करते है, काम करते हैं लेकिन उनको जो मजदूरी मिलती है, वह कितनी मिलती है ? 10–15 रुपये में वह आठ से दस घंटे काम करते हैं लेकिन उनको 10 रुपये से भी कम मजदूरी मिलती है । उनको ज्यादा मजदूरी मिल जाँए, इस बात के लिए आप प्रबन्ध कीजिये । इसके इलावा उनको वेलफेयर के लिए आप कुछ कार्यवाही करना चाहते है या नहीं ? आप जो कार्यवाही करना चाहते है, वह बता दीजिये की आप क्या करना चाहते है ? मेरा लास्ट प्वाइंट यह है कि आई० एल० ओ० की जो रिपोर्ट फोरन कंट्रीज ने दिया है, उनकी पूरी संख्या कितनी है, यह भी बता दीजिये ।

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): I request the hon. Members to follow the example of Mr. Dave ant put pointed question to the Minister.

श्री भूपेन्द्र सिंह मान (नाम निर्देशित): उपसभाध्यक्ष महोदय, कोई भी माता-पिता अपने बच्चे को मजदूरी करते हुए देख कर खुश नहीं होता है । उसको अगर मजदूरी करनी पड़ती है तो इसके पीछे मजबूरी होती है । दूनियां का कोई माता पिता इस बात से खुश नहीं होता जिसका बच्चा ऐसी मजदूरी कर रहा है जिससे उसकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा हो, जिससे उसकी जिन्दगी छोटी हो रही हो । फिर भी उसको मेहनत करनी पड़े तो उसकी मजबूरियां होती हैं । आज तक मजबूरियों में बंधे हुए माता-पिता जो अपने बच्चों को मेहनत करते हुए देखते है और मजबूर होते है, उस मजबूरी की चिंता में हम यह सोच रहे हैं । यह क्यों और कैसे ठीक हो सकता है ? सरकार नहीं चाहती, विधान नहीं चाहता, देश के कानून नहीं चाहते, लेकिन फिर भी चाहल्ड लेबर हो रहा है, चल रहा है । अब इसको देखे कि इसकी मजबूरियां क्या हैं जब गरीबी का शिकार हुए लोग अपने बच्चों को, कई जगह देहात में आया है कि बेचने तक जाते है, जाते रहे है जो उनकी उस वक्त की वह मजदूरी थी । आज की मजबूरी उनकी है जो उनको मेहनत करके अपना पेट पालना है, पालन-पोषण करना है और इसकी वजह से करते है ।

इस वक्त हमारे देश में जो रा-मैटीरियल है बनाने के उनमें से लेबर भी एक रा-मैटीरियल है और दूसरे रा-मैटीरियल्स में लेबर का रा-मैटीरियल सस्ते से सस्ता मिले यह जो व्यवस्था बनी

[श्री भूपेन्द्र सिंह मान]

हुई है इसको तोड़ने के लए आगे आना होगा, नहीं तो अगर व्यवस्था नहीं तोड़ेंगे–व्यवस्था तो यही रखेंगे कि किसी की आर्थिक हालत न सुधरे और कहें यह कि मेहनत न करो तो वह करे तो क्या करे । इस वक्त जो व्यवस्था है उसमें लोगों को उनकी मेहनत से पैदा की हुई चीजों का जो रा-मैटीरियल है वह सस्ता देना, उनकी मेहनत को सस्ता लेना, वह लेबर मारकेट कैप्चर करना है, जिनसे सस्ता लेना है उनकी हालत ठीक न हो ऐसी व्यवस्था है । इसको तोड़ने के लिए आगे सरकार को आना होगा ।

इस वक्त भारत में ही जैसे भारत का एक हिस्सा एक कालोनी बन गया है, ऐसा है । भारत और इंडिया का जैसे लगता है फर्क आ गया हो । इंडिया ने कालोनी बना रखा है भारत को । तो अब कहीं से कालोनी में लेबर सस्ती लेकर कम कीमत पर उससे काम करवाने की जो व्यवस्था है यह बस्तीवाद वाला जो ट्रेड है इसको सरकार भी नहीं चाहती है, विधान भी इजाजत नहीं देता है लेकिन फिर भी चल रहा है क्योंकि इसमें मन की जरूरत है, सिर्फ शब्दों से नहीं चलेगा । इसके लिए अब जरूरत यह है कि कच्चा माल सस्ते से सस्ता लेकर उससे लेबर को एक्सप्लायट करना, उनकी कीमत न देना, उनकी मेहनत का दाम न देना इस बात को छोड़ा जाए ।

गांवों में रहने वाले लोग जो पैदा करते हैं उनकी मेहनत का दाम न दिये जाने से, वे गांव से उठकर शहर में आते हैं, और गांव में ही जो गरीबी की हालत से बहुत नीचे चले जाते हैं, उनको ऐसा करना पड़ता है ।

इस बैकग्राउंड में मैं सरकार से और खास तौर से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो इस वक्त बच्चे काम करते हैं उनको जो काम करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है इसको रोकने के लिये क्या उनके परिवारों को–जिन परिवारों से वे आते हैं उनकी मेहनत का दाम उनको, अगर गांव में हैं तो गांव में जो मेहनत करते हैं, पैदा की हुई चीजों में गिनेंगे और जो गांव में कच्चे माल की घेराबन्दी करके, जैसे कालोनी की घेराबन्दी करके उस माल की प्रोसेस न करने देना उस पर रोक लगाना, मारकेट में न जाने देना, मंडी को रोक कर रखना, इस व्यवस्था को तोड़कर उनको उनकी मेहनत का दाम मिले इस दिशा में सोचेंगे ताकि उनकी हालत अच्छी हो । जैसे एक शराब की बोतल के ऊपर लिखा होता है कि शराब सेहत के लिये हानिकारक है लेकिन उसके साथ-साथ मन दूसरा है और हर साल पिछले साल से ज्यादा बेचने की व्यवस्था बनती है, क्या सरकार उस दिशा में चलेगी । इसी दिशा में अगर देखा जाय तो मेहनत करने वाले बच्चों की गिनती हर साल –कुछ एक आंकड़े ऐसे आते हैं कि बढ़ती जा रही है । इसको रोकने के लिये हमें वास्तविक तौर पर जैसे हमारे मित्र ने कहा कि पोलिटिकल बिल की जरूरत है । हम जो शब्दों में कहते हैं उसको मन में लाने की जरूरत है तब यह हटेगा ।

श्री एच० हनुमनतप्पा (कर्णाटक) : गरीबों के लिये तो वह सोर्स आफ इन्कम है ।

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : सोर्स आफ इंकम उनका जो है, वह सोर्स आफ इंकम बच्चों से नहीं पैदा हो, उनके जो बड़े हैं, उनसे हो और उनको कुछ मिले, यह व्यवस्था करनी होगी, ताकि उनको बच्चों को मजबूर न करना पड़े और अपनी आंख में आंसू भर कर – आंसू तो क्या, जिस मां का, पिता का बच्चा मेहनत करता है, उसकी आंख से तो खून टपकता है । वह खुश नहीं है, वह बहुत दिक्कत में है ।

इसलिये व्यवस्था को चेंज करने के लिये इस वक्त जो कई ऐसी रिपोर्टस आ चुकी हैं, जिसमें यह है कि गांव की जो पैदावार है, उसके ऊपर यह रोकें लगाकर, सारी इस वक्त जो कंट्रोल्स हैं, उनको लगा करके 36.74 प्रतिशत उसकी पैदावार के ऊपर टैक्स लिया जा रहा है । यह इस दशा को तोड़ने के लिये बहुत जरूरी है कि ऐसी नीति सरकार तोड़े, ताकि लोगों को जो मेहनत करते हैं, उनको इतने बड़े बोझे के नीचे न दबाया जाय और उनकी मेहनत

का दाम मिले ताकि वह अपने बच्चों को अपनी आंख के सामने मेहनत करते देखने के बजाय पढ़ने के लिये, खेलने के लिये और बच्चे देश का भविष्य हैं । उनको देश का भविष्य बनने के लिये वह भी अपना योगदान डालें । इस दिशा में हमें सोचना होगा । सिर्फ ऐसे आंसू बहाने से कुछ नहीं होगा ।

हमें वास्तव में जो हमारी बेसिक पालिसीज हैं, उनको बदलना होगा, ताकि वास्तव में जो काम करने वाला है, उसको उसकी मेहनत का दाम मिले और इसी दिशा में आकर के वह अपने बच्चे से मेहनत करवाने के लिये मजबूर नहीं होगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे इस दिशा में सोचेंगे ? धन्यवाद ।

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष जी, बाल दास्यता एक बहु-आयामी व्यवस्था है । हमारे देश की गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा से यह जुड़ी हुई है ।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि उस दिन मंत्री महोदय ने जैसे कहा कि बाल दास्यता एक रात में समाप्त नहीं हो सकती, लेकिन यह भी सच नहीं है कि बाल दास्यता के अन्त का कोई सूर्योदय हो नहीं सकता और इसलिये सबसे पहले उस दिन मंत्री महोदय के उत्तर से यह लगा कि मानो गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा के कारण यह जो बाल मजदूरी की समस्या हमारे सामने खड़ी है, समाज ने और सरकार ने उसके सामने घुटने टेक दिये हैं कि हम उस पर कुछ नहीं कर सकते ।

इस लिये सब से पहले मैं मंत्री महोदय से यह कहूंगा कि भले ही यह समस्या एक रात में समाप्त न होने वाली हो, लेकिन इस समस्या के विरोध ने निरन्तर संघर्ष कर कर बाल दास्यता को खत्म करते-करते एक दिन इस देश में आएगा जिस दिन इस देश में बाल मजदूरी न हो । इस दिशा में जाने की राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति का परिचय वे अपने उत्तर में दें ।

इस पृष्ठभूमि में मैं मंत्री महोदय से कुछ प्रश्न पूछना चाहूंगा । हम सभी जानते हैं कि आजकल महिलाओं की समस्याओं के लिए सरकार की ओर से एक महिला आयोग का गठन हुआ है, जो अल्पसंख्यकों की समस्या है, उसके लिए एक अल्प-संख्यक आयोग का गठन हुआ है । यह विभिन्न प्रकार के जो आयोग हैं, वे महिलाओं में, अनुसूचित जन-जातियों में, अल्पसंख्यकों में काम करके उनकी समस्याओं का निपटारा करने की कोशिश कर रहे हैं ।

मुझे यह लगता है कि बाल मजदूरों पर भी एक राष्ट्रीय आयोग का गठन– यह समय की आवश्यकता है । इस आयोग के अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति, वर्तमान हो, भूतपूर्व हो, इसमें उच्चस्तरीय अधिकारी हो, स्वयं सेवा संगठन जो इस क्षेत्र में काम करते हैं, वह भी हो और यह आयोग बाल दास्ता की पहचान करे, उनकी मुक्ति करे और उसका पुनर्वास करने की दिशा में कोई न कोई विचार करे ।

यदि हम महिलाओं, अल्प-संख्यक, अनुसूचित जाति, जनजाति–इनके प्रति जो उचित, आवश्यक है, अगर हम आयोग निर्माण करके, उस समाज के हिस्से की समस्याओं का कोई निपटारा करने का प्रयास कर रहे है, तो यह जो बाल दास्यता इस देश में एक गंभीर समस्या है, इस समस्या के लिए क्या किसी राष्ट्रीय आयोग के गठन पर सरकार विचार करेगी ? यह मेरा पहला प्रश्न है ।

मेरा दूसरा प्रश्न इसमें यह है कि बाल दास्यता से अगर इस देश की मुक्ति देनी है, तो इसका एक ही रास्ता है । 14 वर्ष से जो भी छोटे बच्चे हैं इनके लिए शिक्षा मुफ्त हो और अनिवार्य हो । मुझे लगता है यह हम सब की, किसी राजनैतिक दल की अपेक्षा में बात नहीं कर रहा हूं , हम सब की यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि 14 वर्ष के नीचे जो बच्चे हैं, उनको शिक्षा मुफ्त भी दी जाए और अनिवार्य भी दी जाए । अगर हम 14 वर्ष के नीचे बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था

[श्री प्रमोद महाजन)

इस देश में खड़ी कर सकते हैं तो बाल दास्यता या बाल मजदूरी की ओर जो लोग ला रहे हैं, उसमें भारी मात्रा में गिरावट आएगी, क्योंकि बालकों को अनिवार्य रूप से शिक्षा संस्थानों में ही जाना पडेगा । मैं जानता हूं कि यह महत्वपूर्ण रास्ता हो, यह आसान रास्ता नहीं है, , लेकिन अगर समाज संकल्प करे, देश संकल्प करे, अगर हम सब मिल कर संकल्प करें तो इसमें कोई न कोई हल ढूंडा जा सकता है । इसलिए मैं यह मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या इस विषय में कुछ सोच है, भले आप एक रात में न करो, लेकिन क्या कोई आपने एक ऐसी योजना बनाई है, जिसमें बच्चों के लिए शिक्षा मुफ्त और अनिवार्य हो, जिसके कारण हम इसमें बच सकते हैं।

तीसरा मेरा प्रश्न इस संबंध में यह है कि बाल दास्यता का एक महत्वपूर्ण कारण है जैसे मैंने अशिक्षा कहा, वैसे दूसरा कारण एक गरीबी और बेरोजगारी है । क्योंकि अगर देश में बेरोजगारी भारी मात्रा में हो, अगर पिता को या परिवार में किसी प्रकार का काम न मिलता हो तो माता-पिता भले दुखी मन से क्यों न हों, भले अपने मन के विरोध में हों, लेकिन वह अपने बच्चों को मजदूरी करवाते हैं, क्योंकि उस मजदूरी के कारण स्वाभाविक उस परिवार में कुछ न कुछ तो दाल-रोटी की व्यवस्था होती है । इसलिए मैं यह पूछना चाहूंगा कि क्या रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित करके हर जो काम मांगेगा उस हाथ को हम काम देंगे, इस प्रकार का रास्ता अपनाने की सरकार की तैयारी है । मैं जानता हूं कि यह बहुत दूर का और बहुत विकट रास्ता है, लेकिन अगर इस देश में बाल मजदूरों को वास्तविक रूप में समाप्त करना है तो शायद यह सब से निकट और सब से आसान रास्ता है । मैं सरकार से यह पूछना चाहता हुं कि क्या रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार करके बेरोजगारी समाप्त करना और गरीबी समाप्त करना इस देश में कुछ जिम्मेदारी सरकार उठाने के लिए तैयार है ?

मेरा और एक सवाल है कि बाल मजदूरी उन्मूलन अधिनियम, 1986 में हमने पारित किया । इसको 7 वर्ष आज बीते हैं । मैं मंत्री महोदय से बिल्कुल दो टूक स्पष्ट उत्तर चाहता हूं । कि इन सात वर्षों में सरकारी एजेंसी द्वारा कितने बाल मजदूरों को मुक्ति दिलाई गई ? मैं स्वयं सेवी संगठनों की बात नहीं कर रहा हूं, वह अपना-अपना काम कर रही हैं , लेकिन सरकारी एजेंसियों के द्वारा कितने बाल मजदूरों को इस कानून के अंतर्गत मुक्ति गत सात वर्षों में दिलाई गई ? यह जो भी आंकडे उनके पास हों वह बताएं, यह मेरा और एक सवाल है ? मेरा एक इससे जुडा और प्रश्न है कि बाल मजदूरी उन्मूलन अधिनियम, 1986 के अंतर्गत गत सात वर्षों में हमने किस-किस को और कितनी-कितनी सजा दिलवाई है ? क्योंकि कानून बनने के बाद जो स्वयं सेवी संगठन इस क्षेत्र में काम करते हैं, उनकी सदैव यह शिकायत है कि बहुत मामूली रूप में इस कानून का उपयोग करके किसी को सजा होती है । नया इसको बनाओं तो दूर की बात रही लेकिन जो कानून हमने बनाकर सात वर्ष बिताएं हैं उसमें क्रियान्वयन क्या हुआ, यह मेरा प्रश्न है ?

मेरा एक ओर छोटा सा प्रश्न है कि युनिसेफ द्वारा बच्चों के अधिकार की एक सनत पारित हुआ है । हमारे देश में बच्चों के अधिकार की सनत को क्रियान्वयन करने का सरकार की ओर से क्या-क्या प्रयास हुआ है, यह मैं जानना चाहूंगा ? हम सभी जानते हैं कि उस दिन चर्चा हुई, उस में सभी ने यह कहा कि अमरीका में हरकिन्स विधेयक पारित होने के अंतिम चरण में है । यदि यह विधेयक पारित हो जाए तो अमरीका में बाल मजदूरों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की खरीद पर प्रतिबन्ध लगेगा । अनुमान यह है कि इस से हिन्दुस्तान का एक हजार करोड रुपयों का घाटा होगा । 7.00 PM मैं मंत्री महोदय से यह प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे यह उत्तर न दें कि वहां एक ब्राउन का भी विधेयक है जो अमरीका

में जो बाल मजदूर हैं उनको नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है क्योंकि अमेरीका क्या कर रहा है, इससे हमारा संबंध नहीं है । यह सच है कि ब्राउन का विधेयक और हार्किन्स का विधेयक परस्पर विरोधी है क्योंकि ब्राउन का विधेयक खुद के देश में बाल मजदूरों को नियंत्रित करने की बात करता है और हार्किन्स का जो विधेयक है वह किसी बाल मजदूर द्वारा तैयार की गयी वस्तु के अपने देश में आयात पर प्रतिबन्ध लगाना है । इस संबंध में भारत सरकार का क्या अनुमान है ? क्या यह एक हजार करोड़ है या इससे कम है और इस स्थिति का सामाना करने के संबंध में भारत सरकार की तैयारी कौनसी है ?

उपाध्क्ष जी, बीड़ी और कांच के उद्योग में लगभग 50 हजार बच्चे हैं जोकि अपना बचपन आठ सौ से सोलह सौ डिग्री सेल्सियस पर बिताते और अनेक जान-लेवा बीमारियों के शिकार होते हैं । महोदय, अगर दिल्ली में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर टेंपरेचर चला जाए तो हम छटपटाने लगते हैं और इनका बचपन आठ सौ से सोलह सौ डिग्री सेल्सियस में बीतता है । मैं मंत्री महोदय से यह स्पष्ट तौर पर पूछना चाहूंगा कि क्या बीड़ी और कांच उद्योग बाल श्रमिक अधिनियम, 1986 के तहत खतरनाक उद्योगों में शामिल हैं और अगर हैं तो उस पर क्या कार्यवाही हुई है और अगर खतरनाक उद्योगों में शामिल नहीं हैं तो जहां बच्चे लगभग हजार, डेढ़ हजार सेल्सियस पर काम करते हों, उसे खतरनाक उद्योग इसी बाल श्रमिक अधिनियम के तहत क्यों नहीं माना जाता है ? मैं एक और छोटा सा प्रश्न इसमें जोड़ना चाहूंगा कि कालीन, कांच और माचिस–ये ऐसे उद्योग हैं जहां कि बाल मजदूर अधिक संख्या में हैं और यह सभी उद्योग एक रूप से खतरनाक उद्योग माने जाते हैं । मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूंगा कि क्या सरकार इन उद्योगों में अलग-अगल टास्क-फोर्स बनाएगी जिसमें कर्मचारी कार्यकारी मजिस्ट्रेट हो, जिस स्तर का पुलिस अधिकारी हो, श्रम अधिकारी, स्थानीय मजदूर और स्वयंसेवी संगठन हों ? क्या सरकार इस प्रकार का टास्क-फोर्स बनाएगी ?

उपसभाध्यक्ष जी, अंत में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि बाल दास्ता से किसी दल का संबंध नहीं है । यह एक राष्ट्रीय कर्तव्य है और इस कलंक को मिटाने की दृष्टि से हम सब मिलकर कोई एक नीति बनायें और उस दृष्टि से मैंने जो प्रश्न रखे हैं, उनका उत्तर माननीय मंत्री महोदय दें, यही मेरी प्रार्थना है ।

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, the discussion on child labour and its prohibition is really heart-rending and thought-provoking. After 46 years of independence, we are still discussing about child labour and its prohibition. There are about 13 major legislations to curtail child labour. In spite of that the situation is still continuing and we are having this discussion. Sir, the statistics vary from year to year. It is swelling like the population growth. In the year 1981 the total number of child labour was 145 lakhs. In the year 1983 the total number was 175 lakhs. According to the latest report of the ILO the total number is 440 lakhs. It is swelling or going up like the population growth. The point for consideration is whether we have to ban it or not. As the Minister puts it, in one day with a magic wand we cannot finish off everything and see that all the children are grown up, all the children are literate, all the children become doctors, engineers, politicians and all that. Anyway what is the way out? That is what we are discussing here. Last week, to a question on child labour the Minister was saying that we were saying all these things to him. He also said that poor parents were coming to him and saying that he was hitting them below the belt and their children were going for work and bringing some money to make out their livelihood. They also said that he was spoiling their livelihood. That is

[Shri Tindivanam G. Venkatraman]

also true. Anyway, this evil cannot continue. That is the sum and substance and also the considered opinion of this House of Elders. That is why we are discussing this. But what is the way out and how are we going to get out of it? Going by the present estimation, it has gone to 44 millions. Out of this, 21 millions are in the urban areas and the remaining are in the rural areas. That is the latest statistics.

What are the places where this child labour is rampant? I will mention a few cases. There are about 80000—100000 children between the ages 6 and 14 in the carpet-making industry in Kashmir, working for 10—12 hours a day for a paltry sum of wages. Apart from that, there are about 250 Government centres which employ children. Under the guise of child training centres the Government is also encouraging this. That is the sorry state of affairs. Fifty child trainees are there in the Government carpet factories in Kashmir.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, half-an-hour discussion is becoming a regular discussion.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): You come to the point, Mr. Venkatraman.

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: Sir, I am having ten minutes. I have spoken only for two minutes. I am counting the time also.

There are about 10000 children between the ages 5 and 14 who are working in the wood-carving industry. About 30 lakh children are working in saree and zaree industry in Banaras alone. Thousands and thousands of children are working in the brick-kiln industries in West Bengal and other States including my State. In match industry, in Sivakasi alone, there are about 45000 children who are exploited, who are in the midst of explosion. Every year, there are deaths. No insurance is provided, nothing is providing for the children except payment of some paltry wages. This is the state of affairs. In 1986 we passed a law. But no rules have been framed. My friend, Shri Pramod Mahajan raised this point: how many cases were booked how are the States working and all that? There is no model rule even. There must be a rule. There is no rule at all. The Minister has been saying that rules will be framed. When? It is a 1986 law and we are in 1993. Still, the rules have yet to be framed. There is no model rule for the States to follow. Therefore, this is the state of affairs. Now we are able to understand where the shoe pinches. We have not framed any rules. There are no rules means that people are at large. As our hon. Minister has stated, every Government is thinking of a choice between the devil and the deep sea. It is better to have both the devil and the deep sea because on the one side, there is the unemployment problem and, on the other, somehow children are being employed, somehow their families are being run. The States and the Centre remain silent spectators. Otherwise how could it happen that no rules have been framed for all these seven years? That is my question. You were keeping quiet for all these years. Now, you are saying, "All right, we will speed up things and see to it that child labour is banned and the children have a very good future". I submit that this is tht clinching factor whiih the Government did, keeping quiet for all these seven years. For seven years, no rules have been framed. Now, you are asking the State Governments. In the conference, it has been said that no State is enforcing the law. How is it that a State can enforce when you yourself have not made any model rules to be followed by them? When the Central Government does not make any rule, how can it expect the States to implement anything? Even when a direction is given to the States, they are disobeying it. That is the order of the day. States are disobeying the Centre's orders. Therefor, I submit that deep thinking is necessary. You must have... (*Interruptions*)...

SHRI H. HNAUMANTHAPPA: Tamli Nadu is nomber one in disobeying the Centre's orders.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): You keep on speaking.

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: Therefore, my humble submission to this House is that we must do something concrete about it. Instead of speaking, writing and discussing, we must go deep into the matter and see that child labour is banned because we are expecting politicians. we are expecting experts, we are expecting doctors, the intelligentsia, from these children only. Therefore, there is no point in celebrating the "Children's Day" in a gala manner. Tha will be without any sense. Thank you, Sir.

SHRI ASHIS SEN (West Bengal): Sir, Mr. Venkatraman made a reference to something happening in the brick kilns in West Bengal. I am not saying anyhing particular about West Bengal. But what I am saying is that this is common all over the country. Moreover, brick kilns are such that they do not require child labour, where child labour is not possible. I do not know how the honourable Member mentioned about this.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Yes. Mr. Malaviya.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (**उत्तर प्रदेश**) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह जो बाल श्रम, बच्चों का शोषण है, यह एक राष्ट्रीय अभिशाप है, राष्ट्रीय समस्या है और उस का समाधान सभी को मिल-जुल कर करना पड़ेगा । आंकड़े के हिसाब से इस समय देश के विभिन्न क्षेत्रों — पशु-पालन, पत्थर तोड़ने कालीन और कांच उद्योग आदि में लगभग साढ़े पांच करोड़ बच्चे मजदूरी करते हैं और उस दिन 16 अगस्त को जब सवाल चल रहा था, तो मंत्री जी ने खुद इस बात को बतलाया कि इस सदन को कि जब वह उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद गये और वहां जब उन्होंने बच्चों को मुक्त कराया तो उसके चार-पांच दिन बाद वहां के कुछ लोग उनके पास आये इस बात की मांग को लेकर कि हम भूखे मर रहे हैं, हमारे लिये कुछ कीजिए जो हमारे संविधान निर्माता थे, उन्होंने तीन-चार चीजों की कल्पना की थी, हमारे देश का जो संविधान है, उसमें राज्य के नीति निर्देशक तत्व 39(ई), 39(एफ) और 45 के जरिए इस बात की कल्पना की थी कि हमारे जो बच्चे है, जो बहुत मासूम रहेंगे, उनसे जबर्दस्ती काम नहीं लिया जाएगा और उसके अलावा प्रत्येक बच्चे को 14 वर्ष तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाएगी और फिर उसमें इस बात की भी चर्चा की गई थी कि उनका शोषण नहीं होगा । इस संबंध में मैं केवल दो-तीन सवाल मंत्री जी से जानना चाहूंगा, जिस ओर प्रमोद महाजन इशारा भी कर चुके हैं, कि क्या सरकार का इरादा बाल श्रमिकों पर कोई राष्ट्रीय आयोग बनाने का है या नहीं ? दूसरे, जो आपकी बच्चों संबंधी नीति है — राष्ट्रीय बाल नीति 1987, उस दिन भी, मान्यवर, आपका ही प्रश्न था और जब आपने उस पर पूरक प्रश्न किया कि जो 1987 की बच्चों से संबंधित नीति है, सरकार की, उस पर क्या सरकार का इरादा कोई परिवर्तन का या संशोधन करने का है या नहीं या कोई नई नीति लाने का सरकार का इरादा है या नहीं, तो मंत्री जी ने उत्तर दिया था कि ऐसा सरकार का कोई इरादा नहीं है । मैं आज फिर जोर डालना चाहूंगा कि जो 1987 की नीति है, उसके चलते भी इस देश में बाल श्रमिक बढ़े हैं, बालकों का शोषण बढ़ा है, और आपने खुद भी इस बात को स्वीकार किया है, सरकार भी इस बात को स्वीकार कर रही है कि चूंकि इस देश में गरीबी है, इस देश में लोगों के पास रोजगार नहीं है, इसलिये बच्चों को काम करना पड़ेगा । तो मैं आपसे प्रश्न पूछना चाहूंगा कि जो आपकी 1987 की नीति है, उस नीति के चलते इस देश के बाल श्रमिकों की समस्या का समाधान नहीं हो सकता, तो क्या उस नीति पर नए सिरे से आप विचार करके उसमें कोई संशोधन या परिवर्तन आप करेंगे ? मुझे केवल यही पूछना था।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, आज हाउस जल्दी एडजार्न करें, मैडम ने बुलाया है । डिप्टी चेयरमैन ने खाने पर बुलाया है, हम लोग पहुंच तो जायें, खाने पर।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद सिब्ते रजी) : श्रीमती सरला माहेश्वरी।

श्री संघ प्रिय गौतम : सरला जी, तीन मिनट।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद सिब्ते रजी) सरला जी, आपके सुझाव का ख्याल रखेंगी।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : मैं आपके सुझाव का ख्याल रखूंगी।

